# राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर

**अपील संख्या :– 785/2023**

राम चरण मीणा (कर्मचारी आई.डी.– आरजेबीयू199110014203)

**–अपीलार्थी**

**बनाम**

राजस्थान राज्य जरिये प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर एवं अन्य।

**–प्रत्यर्थीगण**

**प्रस्तुतिकरण की दिनांक** : 30.01.2023
**आदेश की दिनांक** : 06.02.2023

**उपस्थिति :–**
अपीलार्थी की ओर से : श्री शांतनु गुप्ता, अभिभाषक

**समक्ष :– अनन्त भंडारी, सदस्य (न्यायिक)**
**लेखराज तोसावड़ा, सदस्य**

## आदेश

1. मामले की आवश्यक प्रकृति को देखते हुए राजस्थान सिविल सेवा (सेवा मामलों के लिए अपील अधिकरण) अधिनियम, 1976 की धारा 4ए के उपबन्ध में शिथिलिता प्रदान करने की प्रार्थना स्वीकार कर अपील पर सुनवाई की गई।

2. अपीलार्थी के अधिवक्ता का तर्क है कि अपीलार्थी वरिष्ठ अध्यापक ग्रेड–।। के पद पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बडुन्दा, बुन्दी, में कार्यरत है। आलौच्य आदेश दिनांक 20.12.2022 (अनुलग्नक–1) के द्वारा अपीलार्थी का स्थानांतरण वर्तमान पदस्थापन स्थान से रा.उ.प्रा.वि. Pachlavada, बांरा में किया गया है। उनका तर्क है कि अपीलार्थी का स्थानांतरण ऐसी जगह किया गया है, जहां उसके परिवार की जरूरतों को पूरा करने के लिए चिकित्सकीय सेवाएं बहुत कम है। अपीलार्थी के अधिवक्ता का यह भी कथन है कि अपीलार्थी के पिता वृद्धावस्था में है और बीमार है। जिनका ईलाज कोटा में चल रहा है। उनकी देखभाल के लिए परिवार में अन्य कोई व्यक्ति नहीं है। अपीलार्थी का वर्तमान में पदस्थापन बूंदी में है, जहां से कोटा पास है। इस कारण से अपीलार्थी कोटा में अपने पिता का इलाज करा पा रहा है। वर्तमान स्थानांतरण बांरा किया गया है, जो कोटा से काफी दूर है। इसलिए अपीलार्थी का इलाज ठीक प्रकार से नहीं करा सकता। उनका आगे तर्क है कि

अपीलार्थी के स्थानांतरण के लिए कोई प्रशासनिक आवश्यकता नहीं थी। उपरोक्त आधारों पर अपीलार्थी ने स्थानांतरण आदेश स्थगित किये जाने की प्रार्थना की है।

3. हमने विद्वान् अधिवक्ता की बहस सुनी। बहस के दौरान अपीलार्थी के विद्वान् अधिवक्ता द्वारा यह अनुरोध किया गया कि अपीलार्थी द्वारा प्रत्यर्थी विभाग के समक्ष अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत करने पर प्रत्यर्थी विभाग द्वारा नियमानुसार अभ्यावेदन का निस्तारण करने के आदेश प्रदान किए जावे। प्रत्येक कार्मिक को यह अधिकार प्राप्त है कि वह सेवा संबंधी अभाव अभियोग निवारण हेतु अपने नियोक्ता को अभ्यावेदन प्रस्तुत करें।

4. अतः प्रस्तुत अपील के तथ्यों के संबंध में गुणावगुण पर विचार नहीं करते हुए तथा अपीलार्थी के विद्वान् अधिवक्ता के स्वयं के अनुरोध को दृष्टिगत रखते हुए न्यायहित में यह आदेश दिया जाता है कि अपीलार्थी आगामी 2 सप्ताह की अवधि में विभाग के सक्षम प्राधिकारी को अपनी अपील में वर्णित तथ्यों के संबंध में अभ्यावेदन प्रस्तुत करे। सक्षम प्राधिकारी को यह निर्देश दिये जाते है कि वह पूर्वोक्त आशय का अभ्यावेदन प्राप्त होने पर उसे राज्य सरकार व विभाग के दिशा–निर्देशों/परिपत्रों/नियमों के परिप्रेक्ष्य में आगामी 3 सप्ताह की अवधि में नियमानुसार आख्यात्मक आदेश (Speaking Order) प्रसारित कर अभ्यावेदन को निस्तारित करे और ऐसे निस्तारण की सम्यक् सूचना अपीलार्थी को दे। यहाँ यह स्पष्ट किया जाता है कि उक्त निर्देश अभ्यावेदन को विशिष्ट रूप से निस्तारित करने के लिए नहीं दिए जा रहे है वरन् मात्र इस आशय से दिए जा रहे है कि अपीलार्थी के अभ्यावेदन का उक्त निर्देशित अवधि में नियमानुसार निस्तारण किया जावे।

5. अतः उक्त अपील, मय स्थगन प्रार्थना पत्र, ग्राह्यता के प्रक्रम पर ही उपर्युक्त निर्देश के साथ अन्तिम रूप से निस्तारित की जाती है।

**(लेखराज तोसावड़ा)**
**सदस्य**

**(अनन्त भंडारी)**
**सदस्य (न्यायिक)**